आदर्श विद्या भवन
अभ्यास प्रश्न पत्र (2019-20)
कक्षा - तृतीय
विषय - हिन्दी

प्र०1 निम्न गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

घोड़ा बहुत काम का जानवर होता है। पहले सभी राजा - महाराजा इसे पालते थे। उस समय उसी पर बैठकर कहीं आया जाया करते थे। देवताओं और राक्षसों ने जब समुद्र को मथा था तो उसमें से चौदह रत्न निकले थे। घोड़ा भी उनमें से एक था। आजकल घोड़े से तांगा खींचा जाता है। सेना में और पुलिस में भी घुड़सवार सैनिक रखे जाते हैं।

(क) पुराने समय में घोड़े किस काम में आते थे?
(ख) समुद्र मंथन के समय कितने रत्न निकले थे?
(ग) 'घोड़ा' 'समुद्र' शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए।

प्र०2 निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

पौष्टिक रिपोर्ट नज़र

प्र०3 निम्न कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए।

भरी ..... पानी लेकर,
..... चुन्नू मुन्नू भैया,
एक दूजे ..... उछाल - उछाल।
खेल रहे ..... छैया।

प्र०4 निम्न वाक्य किसने, किससे कहे :-

(क) "बहुत ही ज़िद्दी लड़का था।"
(ख) "उजाला - यह तो अद्भुत चमत्कार है।"

प्र०5 निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए।

(क) एडीसन को किस बात की धुन थी ?

(ख) अक्ल कहाँ पैदा होती है ?

प्र०6 सही वाक्यों के सामने सही (✓) का तथा गलत वाक्यों के सामने गलत(X) का निशान लगाइए।

(क) समंदरों में पीने का पानी भरा पड़ा है। ( )

(ख) बल्ब का आविष्कार एडीसन के सबसे बड़े आविष्कारों में से एक है। ( )

प्र०7 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(क) ..... ने दीपू को पौष्टिक खाना खाने की सलाह दी।

(ख) जेम्स ने एडीसन को ..... सिखाई।

प्र०8 निम्न प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।

(क) हम पानी को कैसे बचा सकते हैं ?

(ख) डॉक्टर ने दीपू की जाँच में क्या पाया ? उन्होंने दीपू को क्या खाने की सलाह दी ?

प्र०9 निम्न शब्दों के समान ध्वनि वाले शब्द लिखिए।

उड़ाऊँ बचाना डोरी